No. of Printed Pages : 4

APO-04

2016

विधि – II

(साक्ष्य विधि)

प्रश्न-पत्र – IV

LAW – II

(Law of Evidence)

Paper-IV

निर्धारित समय : तीन घण्टे] *[पूर्णांक : 100*

Time allowed : Three Hours] *[Maximum Marks : 100*

नोट : (i) कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है । प्रत्येक भाग 'क', 'ख' तथा 'ग' में से कम से कम एक प्रश्न अवश्य कीजिए ।

(ii) **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं अर्थात् 20 अंक ।

Note : (i) *Attempt **five** questions in **all**. Question No. 1 is compulsory. Attempt atleast one question from each part, namely part 'A', 'B' and 'C'.*

(ii) ***All** Question carry equal marks i.e. **20** marks.*

1. निम्नलिखित का संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

(i) विवाद्यक तथ्य 4

(ii) पक्षद्रोही साक्षी 4

(iii) खोजी कुत्ते की राय 4

(iv) न्यायेतर संस्वीकृति की सुसंगतता 4

(v) विशेषाधिकृत संसूचनाएँ 4

Write short answers of the following :

(i) Facts in issue

(ii) Hostile witness

(iii) Tracker Dog's opinion

(iv) Relevancy of Extra Judicial Confession

(v) Privileged Communications

भाग – क

PART – A

2. "वे तथ्य जो विवाद्यक न होते हुये भी विवाद्यक तथ्यों से इस प्रकार संसक्त हैं कि वे एक ही संव्यवहार के भाग हैं, सुसंगत हैं", समझाइए । **20**

"Facts which, though not in issue, are so connected with a fact in issue as to form part of the same transaction, are relevant." Explain.

3. मृत्युकालिक कथन क्या है ? इस विषय में भारतीय विधि आँग्ल-विधि से कहाँ तक भिन्न है ? मृत्युकालिक कथन का साक्ष्यिक मूल्य निर्धारित करने के लिए किन-किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ? समझाइये । इसके अपवादों का भी उल्लेख कीजिए । **20**

What is dying declaration ? To what extent the Indian Law on this subject differs from the English Law ? What factors are to be taken into account in assessing the evidentiary value of dying declaration ? Explain and mention its exceptions.

4. 'स्वीकृति' एवं 'संस्वीकृति' को समझाते हुए उनके मध्य अन्तर स्थापित कीजिए तथा यह भी समझाइये कि वे किस सीमा तक न्यायालय में ग्राह्य हैं तथा "न्यायेतर संस्वीकृति" व "मुकरी गयी संस्वीकृति" का साक्ष्यिक मूल्य भी बताइये । **20**

While explaining 'admission' and 'confessions' distinguish between them and discuss also to what extent they are admissible in the court and also mention evidentiary value of 'extra judicial confession' and 'retracted confession'.

भाग – ख

PART – B

5. "मौखिक साक्ष्य सदैव प्रत्यक्ष होना चाहिए ।" इस नियम के क्या कारण हैं ? क्या इस नियम के कोई अपवाद भारतीय साक्ष्य अधिनियम में मान्य हैं ? व्याख्या कीजिये । 20

"Oral evidence must always be direct." What are reasons for this rule ? Are there any exceptions to this rule recognised by Indian Evidence Act ? Explain.

6. तथ्यों की उपधारणा तथा विधि की उपधारणा से सम्बन्धित विधि की विशद व्याख्या कीजिए तथा दोनों में अन्तर भी बताइये । 20

Explain in detail the law relating to presumption of facts and presumption of law and also differentiate between the two.

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये :

(क) इलेक्ट्रोनिक हस्ताक्षर व इलेक्ट्रोनिक अभिलेखों की ग्राह्यता का सबूत 10

(ख) दस्तावेज के निबन्धनों में फेरफार करने वाले करार के साक्ष्य का दिया जाना । 10

Write short answer of the following :

(a) Proof as admissibility of electronic signature and electronic records.

(b) Giving of Evidence of agreement varying terms of a document.

भाग – ग

PART – C

8. सबूत के भार का अर्थ समझाइए । सबूत का भार किस पर होता है ? "सबूत के भार" व "सिद्धि का भार" में अन्तर भी समझाइये । 20

Explain the meaning of burden of proof. On whom burden of proof lies ? Explain also the difference between "burden of proof" and "onus of proof".

9. विबन्धन का सिद्धान्त क्या है ? यह सिद्धान्त किस सीमा तक सरकार तथा विधायन के विरुद्ध लागू होता है ? इसके अपवाद भी बताइये । **20**

What is Doctrine of Estoppel ? How far this doctrine applies against Government and Statutes ? Also mention its exceptions.

10. (क) सूचक प्रश्न क्या होता है ? किन परिस्थितियों में साक्षियों के परीक्षण के दौरान कोई सूचक प्रश्न पूछा जा सकता है ? व्याख्या कीजिये । **10**

(ख) किसी साक्षी की विश्वसनीयता पर प्रतिपक्षी द्वारा कब व कैसे अधिक्षेप किया जा सकता है ? समझाइये । इस अधिकार की सीमाओं का भी उल्लेख कीजिये । **10**

(a) What is a leading question ? In what circumstances a leading question may be asked during examination of witnesses ? Discuss.

(b) Explain when and how the credit of a witness may be impeached by the opposite party and also mention limitations of this right.